**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत।
- 9 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आज शिमला में होगा आगाज–मुख्यमंत्री करेंगे शुभारम्भ।
- भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य पर 25 दिसबंर से विभिन्न कार्यक्रमों का करेगी आयोजन।
- क्रिसमस व नए साल के जश्न के लिए राज्य के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार–पर्यटन कारोबारी खुश।
- प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद शुष्क ठंड का दौर जारी–मैदानी क्षेत्रों में कोहरा पड़ने से रातें हुई अधिक सर्द।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री–भेंट**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। शिमला में उनसे मिलने आए पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए पांगी के लोगों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पांगी के किसान और बागवान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और प्रदेश सरकार ने पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले जौ का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया जिसपर उन्होंने सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

**विंटर कार्निवाल**

राजधानी शिमला में आज से 9 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बाद दोपहर कार्निवल का विधिवत शुभारंभ करेंगे। कार्निवाल के दौरान आज प्रदेश के 12 जिलों से आए कलाकार सांस्कृतिक परेड निकालेंगें जबकि महिलाओं की महानाटी आकर्षण का केंद्र रहेगी। विंटर कार्निवाल को लेकर शिमला के मॉलरोड व रिज मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अधिक ब्योरे

साथ हमारे शिमला ज़िला सम्वाद्दाता........

**भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में अटल स्मृति वर्ष के तहत कल 25 दिसबर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के अनुसार 31 दिसबंर तक ये कार्यक्रम प्रदेश भर में विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रमों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की सोच को जन–जन तक पहुंचाया जायेगा। राजीव बिंदल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अटल स्मृति वर्ष के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया है।

**राजस्व मंत्री**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िले के कल्पा विकास खंड के लिए 4 करोड़ 56 लाख रूपये से बनी जलापूर्ति योजना का कल लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग 18 करोड़ रूपये से होने वाले बोक्टू–कूहल के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस जलापूर्ति योजना से क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन पंचायतों के लोगों को लाभ होगा और उन्हें पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

इस बीच राजस्व मंत्री आज रिकांगपियो में एंटी चिट्टा वॉकथॉन का नेतृत्व करेंगे।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले के कोटखाई उपमंडल में नवनिर्मित बखोल पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस पर 24 लाख रूपये की लागत आई है। रोहित ठाकुर ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि बखोल में लगभग 2 करोड़ रूपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल महासू के अतिरिक्त भवन का उद्‌घाटन भी किया।

**प्रधानमंत्री–मन की बात.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 28 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कडी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव 26 दिसंबर तक भेज सकते हैं।

**पर्यटन**

क्रिसमस व नए साल के जश्न के लिए अन्य राज्यों से पर्यटक प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पहुंच लगे हैं। कुल्लू जिला इन दिनों सैलानियों से गुलजार है और आपदा के बाद सुस्त पड़े पर्यटन कारोबार में बहार लौटने से पर्यटन व्यवासियो ने राहत की सांस ली। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू ज़िला संवाददाता––––––

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में साफ मौसम के बावजूद शुष्क ठंड पड़ रही है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में सुबह–शाम कोहरा पड़ने से रात के समय ठंड में वृद्धि दर्ज की जा रही है। हालांकि दिन के समय तेज धूप निकलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। पिछले लंबे समय से बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे की स्थिति बन गई है जिससे किसान–बागवान चिंतित हैं। मौसम विभाग ने 28 व 29 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......**

आज अधिकतर अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– **न्यूजीलैंड से एफ.टी.ए में सेब पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत किया कम।**

आई.जी.एम.सी. मारपीट मामले पर दैनिक जागरण के शब्द हैं– **मुख्यमंत्री सुक्खू का आदेश, 24 घंटे में जांच पूरी कर करें कार्रवाई।** जबकि आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**किसी भी संस्थान में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं।**

पंजाब केसरी की एक खबर है– **सोलन में 5 फार्मा उद्योग बंद, 5 सौ से अधिक कामगार बेरोजगार।**

दैनिक भास्कर की एक सुर्खी है–**वित्तीय अनियमितता के आरोप में केसीसी बैंक के डीजीएम केसी भारद्वाज बर्खास्त।**

## "अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत।
- 9 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आज शिमला में होगा आगाज–मुख्यमंत्री करेंगे शुभारम्भ।
- भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य पर 25 दिसबंर से विभिन्न कार्यक्रमों का करेगी आयोजन।
- क्रिसमस व नए साल के जश्न के लिए राज्य के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार–पर्यटन कारोबारी खुश।
- प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद शुष्क ठंड का दौर जारी–मैदानी क्षेत्रों में कोहरा पड़ने से रातें हुई अधिक सर्द।